# SAMVEG IAS

IAS | PCS | Civil Services

**PREVIOUS YEAR PAPER | विगत वर्ष प्रश्नपत्र**

**UKPSC COMBINED STATE CIVIL / UPPER SUBORDINATE SERVICES (MAINS) 2012**

**यूकेपीएससी सम्मिलित राज्य सिविल / प्रवर अधीनस्थ सेवा (मुख्य) परीक्षा 2012**

**PAPER 1: LANGUAGE | प्रश्नपत्र 1: भाषा**

Max. Marks / पूर्णांक: 300

---

## Part – 1 | भाग – 1

*Maximum Marks – 20 / अधिकतम अंक – 20 / नोट: इस भाग में कुल 15 प्रश्न हैं / प्रत्येक प्रश्न अनिवार्य हैं / प्रत्येक प्रश्न के लिए अंक उनके सम्मुख अंकित हैं /*

प्र.1. मिश्र वाक्य में कितने प्रकार के गौण उपवाक्य होते हैं ? उनका उदाहरण सहित उल्लेख कीजिये ।

*[शब्द सीमा: 20 | अंक: 01]*

प्र.2. नीचे लिखे संयुक्त वाक्य का मिश्र वाक्य में परिवर्तन कीजिये –
एक महीने को आते हैं, तो भी कभी मीठे बोल नहीं बोलते ।

*[शब्द सीमा: 20 | अंक: 01]*

प्र.3. निम्नलिखित सकारात्मक वाक्य का नकारात्मक वाक्य में परिवर्तन कीजिये –
'उसने सब उपाय किये ।'

*[शब्द सीमा: 20 | अंक: 01]*

प्र.4. निम्नलिखित सामान्य वाक्य का विस्मयादिबोधक वाक्य में अन्तरण कीजिये –
'कैसा सुन्दर दृश्य है ।'

*[शब्द सीमा: 20 | अंक: 01]*

प्र.5. योजक चिह्न का प्रयोग किन स्थितियों में किया जाता है ? उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिये ।

*[शब्द सीमा: 20 | अंक: 01]*

प्र.6. अर्धविराम चिह्न का निशान बताते हुए, यह स्पष्ट कीजिये कि इसका प्रयोग कब किया जाता है ।

*[शब्द सीमा: 20 | अंक: 01]*

प्र.7. नीचे दिये गये वाक्य को शुद्ध कीजिये तथा कारण (अशुद्धि) भी बताइये –
'मुझसे यह कार्य सम्भव नहीं हो सकता ।'

*[शब्द सीमा: 20 | अंक: 01]*

प्र.8. कारण बताते हुए इस वाक्य का शुद्धीकरण कीजिये –
'हम तो अवश्य ही जायेंगे ।'

*[शब्द सीमा: 20 | अंक: 01]*

प्र.9. 'स्वच्छता अभियान' के लिये दो स्लोगन लिखिये ।

*[शब्द सीमा: 20 | अंक: 01]*

प्र.10. स्लोगन लेखन (नारा) की भाषा किस प्रकार की होनी चाहिये ? सोदाहरण स्पष्ट कीजिये ।

*[शब्द सीमा: 20 | अंक: 01]*

प्र.11. पर्यायवाची और समानार्थी शब्द क्या एक ही हैं ? 'सदी' शब्द के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए तथा 'संवेदना' और 'सहानुभूति' शब्दों का सूक्ष्म भेद बताइये ।

*[शब्द सीमा: 20 | अंक: 02]*

प्र.12. अनेकार्थी शब्द का अर्थ स्पष्ट करते हुए 'सारंग' शब्द के दो अनेकार्थी तथा 'निमीलन' का विलोम शब्द लिखिये ।

*[शब्द सीमा: 20 | अंक: 02]*

प्र.13. पारिभाषिक शब्द से क्या तात्पर्य है ? पारिभाषिक तथा शब्द युग्म का भेद बताते हुए सोदाहरण स्पष्ट कीजिये ।

*[शब्द सीमा: 20 | अंक: 02]*

प्र.14. 'किताब' तथा 'लता' के समूहवाची शब्द तथा 'ज़रा' तथा 'कोड़ी' के समरूप किन्तु भिन्नार्थक शब्द लिखिये ।

*[शब्द सीमा: 20 | अंक: 02]*

प्र.15. नीचे दिये गये वाक्यांशों के लिये एक शब्द तथा संक्षिप्ताक्षर के लिये एक-एक वाक्यांश लिखिये –
वाक्यांश के लिये एक शब्द – 'जो सिद्ध या प्रमाणित न किया जा सके ।'
संक्षिप्ताक्षर – राष्ट्रीय सुरक्षा कानून

*[शब्द सीमा: 20 | अंक: 02]*

## Part - 2 | भाग – 2

*Maximum Marks - 50 / अधिकतम अंक – 50 / नोट: 1. इस भाग में कुल 11 प्रश्न हैं / प्रत्येक प्रश्न अनिवार्य है / प्रत्येक प्रश्न के लिए अंक उनके सम्मुख अंकित हैं / 2. हिन्दी अथवा अंग्रेजी भाषा के प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार संबंधित भाषा में दीजिए /*

प्र.16. तत्सम और तद्भव शब्दों से क्या अभिप्राय है ? इन दोनों का अन्तर स्पष्ट करते हुए, तत्सम से तद्भव हो गए शब्दों के दो उदाहरण प्रस्तुत कीजिए ।

*[शब्द सीमा: 50 | अंक: 05]*

प्र.17. यौगिक और योगरूढ़ शब्द का अर्थ स्पष्ट करते हुए, उनके दो-दो उदाहरण दीजिये ।

*[शब्द सीमा: 50 | अंक: 05]*

प्र.18. निम्नलिखित गलत वर्तनी वाले शब्दों को शुद्ध करते हुए अशुद्धि का उल्लेख भी कीजिये –
अनाधिकार, महत्व, निरोग, साक्षात, महंगा ।

*[शब्द सीमा: 50 | अंक: 05]*

प्र.19. उपसर्ग से क्या तात्पर्य है ? उपसर्ग एवं प्रत्यय के दो-दो उदाहरण दीजिये ।

*[शब्द सीमा: 50 | अंक: 05]*

प्र.20. पारंपरिक दृष्टि से संधि के कितने भेद हैं ? दीर्घ संधि का आशय बताते हुए दो उदाहरण देकर समझाइये तथा 'निधड़क' एवं 'सेनापति' शब्द में कौन सा समास है ? बताइये ।

*[शब्द सीमा: 50 | अंक: 05]*

प्र.21. 'वचन' किसे कहते हैं और हिन्दी में वचन के कितने भेद हैं ? 'वचन' एवं 'लिंग' के दो-दो उदाहरण दीजिये ।

*[शब्द सीमा: 50 | अंक: 05]*

प्र.22. अर्थ की दृष्टि से क्रियाविशेषण के कितने भेद हैं ? उन भेदों का उल्लेख करते हुए तीन उदाहरण दीजिये ।

*[शब्द सीमा: 50 | अंक: 05]*

प्र.23. वाच्य का अर्थ स्पष्ट करते हुए इसके प्रमुख घटकों का उल्लेख कीजिये तथा निम्नलिखित वाक्यों को कर्तृ वाच्य से कर्म वाच्य में रूपान्तरित कीजिये :

(i) रचना कविता रचती है ।

(ii) द्विज ने अपने अनुज को पीटा ।

*[शब्द सीमा: 50 | अंक: 05]*

प्र.24. Translate the following into English :

जो अपशब्द इन्होंने अपने राजनीतिक प्रतिपक्षियों के विरुद्ध बोले, वे न तो बोले जा सकने योग्य हैं, न लिखे जा सकने योग्य हैं ।

*[शब्द सीमा: 20 | अंक: 02]*

Q25. Translate the following into Hindi :

The meetings of the annual conferences between the Indian and the Russian leaders no longer enthuse. The direction of the bilateral relations has become predictable and lacks in the excitement of the unknown.

*[Word limit: 30 | Marks: 03]*

Q26. Rewrite the following passage correctly :

The Valley of Flowers is notorious for its attractive sceneries. It is located in an altitude of 3600 meters. It remains cut -away from the nearby villages in winters. This breath-taking meadow was situated high above in the Garhwal hills. It is full with rare flowering species and herbs.

*[Word limit: 50 | Marks: 05]*

## Part – 3 | भाग – 3

*Maximum Marks – 55 / अधिकतम अंक – 55 । नोट: 1. इस भाग में कुल 05 प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न अनिवार्य है । प्रत्येक प्रश्न के लिए अंक उनके सम्मुख अंकित हैं । 2. हिन्दी अथवा अंग्रेजी भाषा के प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार संबंधित भाषा में दीजिए ।*

Q27. Read the following passage carefully and answer the questions given in the last of this passage :

Both India and Russia changed phenomenally during the quarter century since the Cold-War ended and the former Soviet Union disappeared – although, paradoxically, the outlook of the two countries bear greater resemblance than before, as they took to globalization. Russia's perennial quest for habitation in a 'Common European Home' resumed, while India's desire for proximity with the West no longer risks rebuff.

But appearances can be deceptive in the world of diplomacy. The heart of the matter is that Vladimir Putin's visit, which begins on December 11, is taking place at a period of historical transition in Indian politics, which also happens to coincide with the defining moment in regional and world politics. Suffice it to say, the India – Russia relationship is entering a transformative period by sheer force of circumstances and as characteristic of such periods, it is also time for new thinking.

Questions :

(1) What do you understand by the phrase 'Cold-War' ?

(2) The word 'deceptive' occurs in the passage. Give its synonym.

(3) Explain the meaning of 'defining moment'.

(4) What is common between India and Russia according to the author ?

(5) What is the antonym of the word 'resemblance' ? In which context is it used in the passage ?

*[Word limit: 125 | Marks: 10]*

प्र.28. राजभाषा परिनियमावली (1963-1976) के विभिन्न प्रावधानों का संक्षिप्त में परिचय दीजिये ।

*[शब्द सीमा: 125 | अंक: 10]*

प्र.29. हिन्दी वर्तनी का मानकीकरण अथवा हिन्दी खड़ीबोली व्याकरण का मानकीकरण अथवा देवनागरी लिपि का मानकीकरण अथवा हिन्दी उच्चारण का मानकीकरण सोदाहरण स्पष्ट कीजिये ।

*[शब्द सीमा: 125 | अंक: 10]*

प्र.30. निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच मुहावरों एवं लोकोक्तियों (कहावतों) का अर्थ स्पष्ट करते हुए, उनका वाक्यों में प्रयोग कीजिये –

(1) ढाई दिन की बादशाहत
(2) गिरगिट की तरह रंग बदलना
(3) गुदड़ी का लाल
(4) ख़ालाजी का घर
(5) गुड़ खाये गुलगुलों से परहेज
(6) कहाँ राजा भोज कहाँ गंगू तेली
(7) आये थे हरिभजन को ओटन लगे कपास
(8) एक पंथ दो काज

*[शब्द सीमा: 125 | अंक: 10]*

प्र.31. मूर्ति तैयार हुई । शिल्पी उसे लेकर बाज़ार गया । पर दुर्भाग्य ! वह न बिकी । अब कौन सा मुँह लेकर घर लौटे । आखिर घर तो लौटना ही था । उसे देखते ही बच्चा 'बताशा-बताशा' चिल्लाता हुआ दौड़ा और उसके आगे उसने हाथ फैला दिये । शिल्पी के मुँह से कोई शब्द न निकला । वह बच्चे को अपनी गोद में लेकर रोने लगा । जिसने पूँजीवाद की सृष्टि की थी, जिसने प्रकृति के भण्डार पर एकाधिकार की व्यवस्था की थी, जिसने भू के पग-पग का बँटवारा किया था, क्या उसकी बुद्धि यहाँ तक पहुँची थी कि किसी दिन मानव संसार ऐसा हो जायेगा कि कुछ लोग सुमन-शय्या पर आराम से लेटे-लेटे मेवा-मिष्ठान्न उड़ाया करेंगे और कुछ लोग पसीने के रूप में दिन-रात रक्त बहाने पर भी मुट्ठी-भर चने तक न पा सकेंगे ?
उपर्युक्त गद्यांश का संक्षेपण कीजिये ।

*[शब्द सीमा: 125 | अंक: 15 (5+5+5)]*

## Part - 4 | भाग – 4

*Maximum Marks - 175 / अधिकतम अंक – 175 / नोट: 1. इस भाग में कुल 05 प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न अनिवार्य है । प्रत्येक प्रश्न के लिए अंक उनके सम्मुख अंकित हैं । 2. हिन्दी अथवा अंग्रेजी भाषा के प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार संबंधित भाषा में दीजिए । 3. निबन्ध लेखन हिन्दी अथवा अंग्रेजी भाषा में से किसी एक भाषा में किया जा सकता है ।*

प्र.32. ऋतुराज बसन्त के आगमन से ही शीत का भयंकर प्रकोप भाग गया । पतझड़ में पश्चिम पवन ने जीर्ण-शीर्ण पत्तों को गिराकर लताकुंजों, पेड़-पौधों को स्वच्छ और निर्मल बना दिया । वृक्षों और लताओं के अंग में नूतन पत्तियों के प्रस्फुटन से यौवन की मादकता छा गयी । कनेर, मदार, पाटल इत्यादि पुष्पों की सुगन्धि दिग्दिगन्त में अपनी मादकता का संचार करने लगी । न शीत की कठोरता, न ग्रीष्म का ताप । समशीतोष्ण वातावरण में प्रत्येक प्राणी की नस-नस में उत्फुल्लता और उमंग की लहरें उठ रही हैं । पत्तों के अधरों पर सोया हुआ संगीत मुखर हो गया है । पलाश-वन अपनी अरुणिमा में फूला नहीं समाता । ऋतुराज बसन्त के सुशासन और सुव्यवस्था की छटा हर ओर दिखायी पड़ती है । कलियों के यौवन की अँगड़ाई भ्रमरों को आमन्त्रण दे रही है । अशोक के अग्नि वर्ण के कोमल एवं नवीन पत्ते वायु के स्पर्श से तरंगित हो रहे हैं । शीतकाल के ठिठुरे अंगों में नयी स्फूर्ति उमड़ रही है । बसन्त के आगमन के साथ ही जैसे जीर्णता और पुरातन का प्रभाव तिरोहित हो गया है । प्रकृति ने बसन्त के आगमन पर अपने रूप को इतना सँवारा है, अंग-अंग को इतना सजाया है और रचा है कि उसकी शोभा का वर्णन असम्भव है । उसकी उपमा नहीं दी जा सकती ।

(क) ऊपर लिखे गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिये ।
(ख) उपर्युक्त गद्यांश का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिये ।
(ग) उपर्युक्त गद्यांश के रेखांकित अंशों की व्याख्या कीजिये ।

*[शब्द सीमा: 250 | अंक: 15 (2+5+8)]*

प्र.33. कार्यालय आदेश से क्या अभिप्राय है ? इसके आवश्यक गुणों को दर्शाते हुए किसी एक विभाग से संबंधित कार्यालय आदेश का उदाहरण प्रस्तुत कीजिए ।

*[शब्द सीमा: 250 | अंक: 20]*

प्र.34. निम्नलिखित इन्टरनेट संबंधी शब्दावली में से किन्हीं दो का परिचय दीजिये :

(i) डी एन एस सर्वर (DNS Server)
(ii) ई-मेल (e-mail)
(iii) होम पेज (Home Page)
(iv) यूजर नेम (User Name)
(v) वेब ब्राउजर (Web Browser)

*[शब्द सीमा: 250 | अंक: 10]*

Q35. Write an Essay on any one of the following topics in Hindi OR English Language –

(i) Cultural importance of Devbhoomi Uttarakhand
(ii) The importance of forest resources for the development of Uttarakhand
(iii) Folklore of Uttarakhand
(iv) The challenges for Uttarakhand in view of the women empowerment

*[Word limit: ≈ 500 | Marks: 55]*

निम्नलिखित में से किसी एक विषय का चयन करते हुए हिन्दी अथवा अंग्रेजी भाषा में निबंध लिखिये –

(i) देवभूमि उत्तराखण्ड का सांस्कृतिक महत्त्व
(ii) उत्तराखण्ड के विकास में वन-सम्पदा का महत्त्व
(iii) उत्तराखण्ड का लोकसाहित्य
(iv) महिला सशक्तीकरण की दृष्टि से उत्तराखण्ड की चुनौतियाँ

*[शब्द सीमा: ≈ 500 | अंक: 55]*

Q36. Write an Essay on any one of the following topics in Hindi OR English Language –

(i) Indian Economy towards Development
(ii) Indian Space Programme : Challenges and Possibilities
(iii) Effect of Climate Change on the Globe
(iv) Indian Democracy : The Current Scenario
(v) United Nations Organization and International Peace

*[Word limit: ≈ 700 | Marks: 75]*

निम्नलिखित में से किसी एक विषय का चयन करते हुए हिन्दी अथवा अंग्रेजी भाषा में निबंध लिखिये –

(i) भारतीय अर्थव्यवस्था विकास की ओर उन्मुख है
(ii) भारत का अन्तरिक्ष कार्यक्रम : चुनौतियाँ और संभावनाएँ
(iii) विश्व में जलवायु परिवर्तन का प्रभाव
(iv) भारतीय लोकतंत्र का वर्तमान परिप्रेक्ष्य
(v) संयुक्त राष्ट्र संघ एवं अन्तर्राष्ट्रीय शान्ति

*[शब्द सीमा: ≈ 700 | अंक: 75]*